कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष)
लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड, देहरादून।
Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail-budgethodpwd@gmail.com

पत्रांकः– 1489 /11 बजट (लो0नि0वि0 भवन–चालू कार्य)/2017–18 दिनांकः– 04 .01.2018
सेवा में,

मुख्य अभियन्ता स्तर–।/स्तर–।।,
क्षेत्रीय/राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यालय,
लोक निर्माण विभाग देहरादून/नई टिहरी/पौड़ी
अल्मोड़ा/हल्द्वानी/देहरादून।

विषयः– वित्तीय वर्ष 2017–18 में अनु.सं. 22, लेखाशीर्षक–4059 (पूँजीगत) लोक निर्माण विभाग भवन–चालू कार्यो में आवंटन।

सन्दर्भः–
(1) शासनादेश संख्या–210/।।।(2)/17–03 (बजट)/2017 दिनांक–07.04.2017
(2) शासनादेश संख्या–1587/।।।(2)/17–03 (बजट)/2017 दिनांक–18.07.2017
(3) इस कार्यालय का आवंटन पत्र संख्या 710/11 बजट (लो0नि0वि0 भवन–चालू कार्य)/17–18 दि0 21.07.2017
(4) इस कार्यालय का आवंटन पत्र संख्या 1061/11 बजट (लो0नि0वि0 भवन–चालू कार्य)/17–18 दि0 28.09.2017
(5) इस कार्यालय का आवंटन पत्र संख्या 1226/11 बजट (लो0नि0वि0 भवन–चालू कार्य)/17–18 दि0 14.11.2017
(6) शासनादेश संख्या–4028/।।।(2)/1–03 (बजट)/2017 दि0–03.01.2018 (पुर्नविनियोग द्वारा स्वीकृत धनराशि)

उपर्युक्त सन्दर्भित शासनादेशों (क0सं0 1 एवं 2) द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 में अनुदान सं0 22, लेखाशीर्षक 4059–80–051–03–00–24 (पूँजीगत) लोक निर्माण भवन–चालू कार्यो में शासनादेशवार कुल ₹ 2.00 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है, जिसके सापेक्ष इस कार्यालय के उपर्युक्त संदर्भित आवंटन पत्रों (क0सं0 3,4 एवं 5 ) द्वारा खण्डो को ₹ 2.00 करोड़ की धनराशि पूर्णतः आवंटित की गई है। वर्तमान में योजनान्तर्गत निर्माणाधीन भवन कार्यो में अतिरिक्त धनावंटन की आवश्यकता के दृष्टिगत उपर्युक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 03.01.2018 (क0सं0 6) द्वारा इण्टर स्टेट कनेक्टिविटी योजना की बचतों से लोक निर्माण भवन–चालू कार्यो में ₹ 5.00 करोड़ का पुर्नविनियोग स्वीकृति प्रदान करते हुये स्वीकृत धनराशि अवमुक्त की गई है। शासन द्वारा योजनान्तर्गत पुर्नविनियोग के माध्यम से अवमुक्त धनराशि ₹ 5.00 करोड़ के सापेक्ष फील्ड अधिकारियों द्वारा योजनान्तर्गत सूचित अतिरिक्त धनावंटन की मॉग तथा खण्डवार वित्तीय प्रगति (माह, 12/2017 तक) के आधार पर वित्तीय वर्ष 2017–18 में संलग्न विवरणानुसार कार्यवार/खण्डवार अब ₹ 4.00 करोड़ (₹ चार करोड़ मात्र) की धनराशि इंगित शर्तो के अन्तर्गत आवंटित की जाती है, यह धनराशि खण्डो को योजनान्तर्गत पूर्व में आवंटित धनराशि ₹ 2.00 करोड़ के अतिरिक्त आवंटित की जा रही है।

<u>आबंटन की शर्तें</u>:– 1. संलग्न विवरणानुसार कार्यवार आवंटित धनराशि का व्यय सम्बन्धित स्वीकृत कार्यो पर कार्य की स्वीकृत लागत की सीमान्तर्गत ही सुनिश्चित किया जायेगा, किसी भी दशा में स्वीकृत लागत से अधिक का व्यय नही किया जायेगा और न ही अन्य कार्यो में व्ययावर्तन किया जायेगा।

2. व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल, वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों तथा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत शासकीय अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो, उनमें व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता द्वारा सक्षम अधिकारी से अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

3. सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ताओ द्वारा संलग्न विवरणानुसार आवंटित धनराशि का पूर्ण उपयोग दिनांक 15.03.2018 से पूर्व नियमानुसार सुनिश्चित किया जायेगा, किसी भी दशा में धनराशि लैप्स नहीं की जायेगी। डुप्लीकेट भुगतान तथा नियमविरूद्व भुगतान की दशा में सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता पूर्ण रूप से उत्तरदायी मानें जायेंगे जिनके विरूद्व सक्षम प्राधिकारी के स्तर से नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही सुनश्चित की जायेगी।

4. निर्माणाधीन भवन कार्यो की माहवार वित्तीय/भौतिक प्रगति का विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रत्येक माह की 5 तारीख तक इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

5. कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्वता हेतु संबंधित अधिशासी अभियन्ता उत्तरदायी होंगे।

6. योजनान्तर्गत अब आवंटित धनराशि का उपयोग, करने से पूर्व उपर्युक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 03.01.2018 में निहित समस्त शर्तो तथा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2017 में निहित वित्तीय प्राविधानो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

7. इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017–18 के आय–व्ययक में अनुदान संख्या 22, लेखाशीर्षक 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय–80 सामान्य–पूँजीगत–051 निर्माण–03 लोक निर्माण (चालू कार्य)–00–24 वृहत्त निर्माण के मद की नामें डाला जायेगा।

संलग्नः शासनादेश दिनांक 03.01.2018 की छायाप्रति एवं कार्यवार/खण्डवार आवंटन सूची (2 पृष्ठ)

प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष)

I.T Upload on 11.1.18

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) महालेखाकार भवन, पो0ओ0–सब पोस्ट मास्टर, पेट्रोलियम संस्थान कौलागढ़ देहरादून।
2– अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
3– वित्त नियंत्रक, कार्या0 प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष) लो.नि.वि. उत्तराखण्ड देहरादून। साख–सीमा जारी करने हेतु।
4– अधीक्षण अभियन्ता, .................. वृत्त लोक निर्माण विभाग ................................।
5– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय/निर्माण/अस्थाई/वि0यॉ0/रा0मा0 खण्ड लोक निर्माण विभाग ................................।
6– आई.टी. सेल कार्या. प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष) लो.नि.वि. देहरादून को सूचनार्थ एवं विभागीय ऑनलाईन बेबसाईट में अपलोड कराये जाने हेतु।

संलग्नः कार्यवार/खण्डवार आवंटन सूची (2 पृष्ठ)

प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष)

4.1.2018

पत्र संख्या 1489 / 11 बजट (लो0नि0वि0 भवन–चालू कार्य) / 2017–18 दिनांक 04 / 01 / 2017 का संलग्नक।

## वित्तीय वर्ष 2017–18 में लोक निर्माण भवन–चालू कार्यो में आवंटन।

अनुदान संख्या–22, लेखाशीर्षक–4059–80–051–03–00–24 पूँजीगत (धनराशि ₹ लाख में)

| क्र0 सं0 | स्वीकृत / निर्माणाधीन कार्य का नाम | खण्ड का नाम | कार्य की स्वीकृत लागत | दि0 01.04.2017 को अवशेष लागत | वित्तीय वर्ष 2017–18 में कुल मॉग | वित्तीय वर्ष 2017–18 में आवंटन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | पूर्व आवंटन | अब आवंटन | कुल आवंटन (का. 7+8) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद देहरादून में प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड के कार्यालय हेतु तीन मंजिला भवन का निर्माण। (मूल स्वीकृत लागत रू0 364.69 लाख के स्थान पर पुनरीक्षित स्वीकृति रू0 813.99 लाख) | नि0ख0 देहरादून | 813.99 | 449.30 | 330.00 | 80.00 | 150.00 | 230.00 |
| 2 | जनपद देहरादून के नत्थनपुर में लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ताओं / अधीक्षण अभियन्ताओं के कार्यालय एवं आफिसर्स हास्टल के निर्माण का कार्य (प्रथम चरण) | नि0ख0 देहरादून | 34.16 | 34.06 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | **योग, निर्माण खण्ड देहरादून** | | **848.15** | **483.36** | **330.00** | **80.00** | **150.00** | **230.00** |
| 3 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 08 / 2014 जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के विकासखण्ड जाखणीधार के रजाखेत में लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन का निर्माण | प्रा0ख0 नई टिहरी | 8.10 | 3.50 | 1.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 4 | मा0 मुख्यमंत्रीजी घोषणा सं0 08 / 2014 के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड जाखणीधार के रजाखेत में लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन निर्माण कार्य | प्रा0ख0 नई टिहरी | 232.16 | 202.52 | 202.52 | 25.00 | 150.00 | 175.00 |
| 5 | सेमन्डीधार में अतिथि गृह का निर्माण | प्रा0ख0 नई टिहरी | 44.64 | 19.17 | 19.00 | 5.00 | 5.00 | 10.00 |
| 6 | प्रतापनगर में लो0नि0वि0 निरीक्षण भवन का निर्माण कार्य | प्रा0ख0 नई टिहरी | 56.86 | 36.29 | 20.00 | 5.00 | 5.00 | 10.00 |
| | **योग, प्रान्तीय खण्ड नई टिहरी** | | **341.76** | **261.48** | **242.52** | **35.00** | **160.00** | **195.00** |
| 7 | जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत देवप्रयाग में स्थित निरीक्षण भवन में अतिरिक्त दो सूट, किचन व टाईप–।। आवास निर्माण का कार्य। (द्वितीय चरण) (पुनरीक्षित स्वीकृति) | अ0ख0 श्रीनगर | **143.69** | **143.49** | **30.27** | **15.27** | 15.00 | 30.27 |
| 8 | लोक निर्माण भवन (चालू कार्य) (प्रथम चरण) :–मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 137 / 2015 के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर में गरखेत में लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह का निर्माण कार्य। (प्रथम चरण) | अ0ख0 थत्यूड़ | **11.51** | **9.41** | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 9 | जनपद पौडी गढवाल के विधानसभा क्षेत्र पौडी में ग्राम सीकू में लोक निमग्ण विभाग के निरीक्षण भवन का कार्य। | नि0ख0 पौडी | **133.98** | **133.88** | **6.00** | 0.00 | 1.70 | 1.70 |
| **10** | **जनपद पौड़ी गढ़वाल के ब्लाक रिखणीखाल में निरीक्षण भवन का निर्माण।** | **प्रा0ख0 लैन्सडौन** | **135.97** | **3.30** | **3.30** | **0.00** | **3.30** | **3.30** |
| 11 | राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लो0नि0वि0 धुमाकोट के कार्यालय भवन का निर्माण। | रा0मा0ख0 धुमाकोट | 333.50 | 109.37 | 35.00 | 5.00 | 15.00 | 20.00 |
| 12 | राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लो0नि0वि0 धुमाकोट के आवासीय भवनों का निर्माण। | रा0मा0ख0 धुमाकोट | 344.83 | 200.90 | 65.00 | 10.00 | 35.00 | 45.00 |
| | **योग,रा0मा0ख0 धुमाकोट** | | **678.33** | **310.27** | **100.00** | **15.00** | **50.00** | **65.00** |
| 13 | मा0 मुख्य मंत्री घो0 सं0 742 / 2012 दिनांक 10.09.2012 के अन्तर्गत जैंती में लो0नि0वि0 के निरीक्षण भवन / दो सूट के निर्माण की स्वीकृति (प्रथम चरण) | प्रा0ख0 अल्मोड़ा | 2.50 | 2.40 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 14 | मा0 मुख्य मंत्री जी की घोषणा सं0 :– 742 / 2012 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र–जागेश्वर में जैंती में लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन का निर्माण | प्रा0ख0 अल्मोड़ा | 118.16 | 118.06 | 5.00 | 0.00 | 5.00 | 5.00 |
| 15 | मा0 मुख्य मंत्री घोषणा सं0 2292 / 2015 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के अन्तर्गत खूंट में लोक निर्माण विभाग के अधीनस्थ विश्राम गृह (एस.आर.एच.) का निरीक्षण भवन के रूप में उच्चीकरण कार्य (प्रथम चरण) | प्रा0ख0 अल्मोड़ा | 1.40 | 1.30 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | **योग, प्रान्तीय खण्ड अल्मोड़ा** | | **122.06** | **121.76** | **5.00** | **0.00** | **5.00** | **5.00** |



4.1.2018

अनुदान संख्या–22, लेखाशीर्षक–4059–80–051–03–00–24 पूँजीगत (धनराशि ₹ लाख में)

| क0 सं0 | स्वीकृत/निर्माणाधीन कार्य का नाम | खण्ड का नाम | कार्य की स्वीकृत लागत | दि0 01.04.2017 को अवशेष लागत | वित्तीय वर्ष 2017–18 में कुल मॉग | वित्तीय वर्ष 2017–18 में आवंटन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | पूर्व आवंटन | अब आवंटन | कुल आवंटन (का. 7+8) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 16 | मा0मु0घो0 सं0–1104/2015 के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र धारचूला के बांसबगड़ में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह का निर्माण कार्य। | प्रा0ख, डीडीहाट | 3.94 | 3.84 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 17 | नारायण आश्रम (चौदास घाटी) में निरीक्षण भवन का निर्माण। | नि0ख0 अस्कोट | 379.49 | 377.49 | 7.00 | 7.00 | 0.00 | 7.00 |
| 18 | व्यास घाटी में कुटी (छोटा कैलास) में निरीक्षण भवन का निर्माण | नि0ख0 अस्कोट | 196.48 | 194.48 | 4.00 | 4.00 | 0.00 | 4.00 |
| 19 | पिथौरागढ में धारचूला में लो0नि0वि0 निरीक्षण भवन में 8 कमरों का निर्माण कार्य। | नि0ख0 अस्कोट | 135.13 | 135.03 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 20 | कैलास मानसरोवर यात्रा मार्ग के गर्ब्यांग में निरीक्षण भवन का निर्माण कार्य। | नि0ख0 अस्कोट | 184.62 | 184.52 | 4.00 | 4.00 | 0.00 | 4.00 |
| | योग, निर्माण खण्ड अस्कोट | | 895.72 | 891.52 | 15.00 | 15.00 | 0.00 | 15.00 |
| 21 | राजभवन के मुख्य भवन के बेसमेंट में होम थियेटर की स्थापना। | वि0यॉ0ख0 देहरादून | 9.83 | 9.73 | 9.73 | 9.73 | 0.00 | 9.73 |
| 22 | राजभवन नैनीताल परिसर में सी0सी0टी0वी0 कैमरा की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | वि.यॉ.ख. भीमताल | 56.75 | 56.65 | 56.50 | 14.00 | 15.00 | 29.00 |
| 23 | राजभवन नैनीताल परिसर स्थित सचिव राज्यपाल के आवासीय परिसर हेतु 50 के0वी0ए0 डी0जी0 सेट की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | वि.यॉ.ख. भीमताल | 9.16 | 9.06 | 9.06 | 4.00 | 0.00 | 4.00 |
| 24 | राजभवन नैनीताल परिसर में मुख्य भवन हेतु 300 के0वी0ए0 50 हर्टज 03 फेज सर्वो–बोल्टेज स्टैबलाईजर की आपूर्ति स्थापना टैस्टिंग एवं कमीशिनिंग का कार्य। | वि.यॉ.ख. भीमताल | 12.44 | 12.34 | 12.34 | 5.00 | 0.00 | 5.00 |
| 25 | राजभवन नैनीताल परिसर में सैट्रिफ्यूगल पम्प सैट की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | वि.यॉ.ख. भीमताल | 10.50 | 10.40 | 10.20 | 4.00 | 0.00 | 4.00 |
| 26 | राजभवन नैनीताल परिसर में सोलर स्ट्रीट लाईटों की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | वि.यॉ.ख. भीमताल | 6.00 | 5.90 | 5.90 | 3.00 | 0.00 | 3.00 |
| | योग, वि0यॉ0ख0 भीमताल | | 94.85 | 94.35 | 94.00 | 30.00 | 15.00 | 45.00 |
| | कुलयोग, उत्तराखण्ड (क0सं0 1 से 26 तक) | | 3419.79 | 2466.39 | 835.82 | 200.00 | 400.00 | 600.00 |

विशिष्ट टिप्पणी:– अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0 देहरादून को वर्णित भवन चालू कार्य "जनपद देहरादून में प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड के कार्यालय हेतु तीन मंजिला भवन का निर्माण" हेतु आवंटित धनराशि का व्यय, निर्माणाधीन कार्य को तत्परता से इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण किये जाने हेतु सुनिश्चित किया जायेगा, किसी भी दशा में आवंटित धनराशि अन्य कार्यो/योजनाओ में व्यय नही की जायेगी।

अब आवंटित धनराशि: ₹ चार करोड़ मात्र।

4/1/18

प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष)

4.1.2018

11 बजट डिमाण्ड शीट–10 दिनांक 04.01.2018